# खचाखच भरा था स्टेडियम, दर्शक भर रहे थे खिलाड़ियों में जोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में एशियन महिला हॉकी का महामुकाबला शुक्रवार शाम चार बजे शुरू हो गया। झारखंड एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुई। उद्घाटन के मौके पर राज्य के खेल मंत्री हफीजुल हसन, विकास आयुक्त झारखंड अरुण कुमार सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह मौजूद थे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मलेशिया और जापान के बीच खेला गया। स्टेडियम में काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।




**पूरा मोरहाबादी परिसर पोस्टर से पटा** : रांची शहर पूरी तरह से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पोस्टर से पट चुका है। जोहार एशिया पोस्टर से स्टेडियम और स्टेडियम के आसपास का एरिया पटा नजर आया। सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। पार्किंग के लिए मोरहाबादी मैदान में सुविधा मुहैया कराई गई है। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां स्टेडियम परिसर में रखा गया। मैदान के बाहर सीएम हेमंत सोरेन का हॉकी स्टिक के साथ कट आउट लगाया गया है।

**स्टेडियम में 10 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता** : स्टेडियम की क्षमता लगभग 10 हजार दर्शकों की है। अगर कोई दर्शक स्टेडियम में मैच नहीं देख पाता है, तो उनके लिए मोरहाबादी के टाइम्स स्क्वायर में व्यवस्था की गई है। जहां लोगों ने बड़े एलइडी स्क्रीन पर मैच का लुत्फ उठाया।




## राजधानी में सर्दी की दस्तक के साथ सज गया पोताला बाजार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में सर्दी की दस्तक के साथ ही सर्कुलर रोड में महेंद्र प्रसाद महिला महाविद्यालय के निकट गरम कपड़ों का बाजार तिब्बती पोताला बाजार का उद्घाटन शुक्रवार को विधायक सिपी सिंह ने किया। इस मौके पर भारत तिब्बत राष्ट्रीय गीत और बुरे पर अच्छे के लिए संगसोल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। राजधानी के लोगों को बेसब्री से इस बाजार का इंतजार रहता है। इस बाजार में युवाओं, बच्चे एवं महिलाओं के लिए एक बेहतरीन रेंज में गर्म कपड़े उपलब्ध है। तिब्बती पोटला मार्केट के अध्यक्ष तेनजिंग ने बताया कि बच्चों के लिए गर्म कपड़े मात्र रू 200 से रू 800 की रेंज में, महिलाओं के लिए रू 400 से रू 2000 और वहीं पुरुषों के लिए रू 400 से रू 2500 के रेंज में गर्म कपड़े उपलब्ध है। इस बार कुल 58 स्टॉल लगाये गये हैं, जिनमें तरह-तरह के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। यह मार्केट जनवरी तक चलेगा।

## पूजा समितियां तोरण द्वार जल्द हटायें : डीसी

**रांची।** वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी शहर में शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान रांची में हैं। शहर में पूजा को लेकर बने तोरण द्वार को 25 अक्टूबर तक हटाने का निर्देश दिया गया था, परंतु अभी तक नहीं हटाया गया। अब तोरण द्वार के कारण जाम की स्थिति बन जा रही है। इस संबंध में डीसी ने बताया कि खिलाड़ी जिस होटल में ठहरे हैं वहां से स्टेडियम तक गेट हटवा लिये गये हैं। बचे हुए तोरण द्वार को हटाने का काम चल रहा है। जिला प्रशासन लगातार पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहा है। इस दौरान डीसी ने पूजा समितियों से एक-दो दिन में तोरण द्वार हटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर में आयोजित अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता को सफल बनाने की जिम्मेदारी सभी की है।

### आवास बोर्ड अतिक्रमणकारियों को भेज चुका है 2-3 नोटिस

# एचइसी की जमीन पर बने 6000 अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी

**अक्टूबर महीने में भी आवास बोर्ड ने कब्जाधारियों को नोटिस भेजा, जिसके बाद उनमें है हड़कंप**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा इलाके के आनि और भुसूर मौजा में 300 एकड़ में बने करीब 6000 अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। अतिक्रमणकारी खुद मकान खाली कर देते हैं, तो ठीक है नहीं तो बुलडोजर चलाकर खाली कराया जायेगा।

नवंबर से इन अवैध मकानों को हटाने का सिलसिला शुरू होगा। पिछले तीन दशक में धुर्वा में एचईसी की जमीन पर मामा नगर, लंका कॉलोनी, जेपी मार्केट, मौसीबाड़ी, पटेल नगर समेत 16 अवैध कॉलोनियां बस चुकी हैं। जबतक यह जमीन एचईसी के पास थी अतिक्रमणकारियों को दिक्कत नहीं हुई, लेकिन जब झारखंड सरकार ने एचईसी से जमीन लेकर झारखंड राज्य हाउसिंग बोर्ड को दे दिया है, तब से उनकी मुसीबत बढ़ गई है। आवास बोर्ड अतिक्रमणकारियों को अपनी जमीन से कब्जा हटाने के लिए अबतक 4 बार नोटिस भेज चुका है। अक्टूबर महीने में भी आवास बोर्ड ने कब्जाधारियों को नोटिस भेजा, जिसके बाद उनमें हड़कंप मचा हुआ है। वे लोग एकजुट होने लगे हैं। कई बैठकें भी हो चुकी है, जिसमें उन्होंने जमीन नहीं छोड़ने का फैसला लिया है।

### आनि-भुसूर में बस चुकी हैं 16 स्लम बस्तियां

आवास बोर्ड ने जमीन पर कब्जा कर रह रहे लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की है। इन 16 बस्तियों के लोगों को बसाने के लिए आनि और भुसूर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4400 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। विभाग की टीम कई बार लोगों के पास आवास योजना का फॉर्म लेकर पहुंची। कई लोगों ने फॉर्म भर दिया, लेकिन अधिकांश लोगों ने फॉर्म भरा ही नहीं। लोगों का कहना है कि फ्लैट के लिए केंद्र और राज्य सरकार तो पैसे दे रही है, लेकिन लाभुक अंशदान भी देना पड़ेगा। घर लेने के लिए 8 से 9 लाख रुपये चुकाने होंगे। ठेला-खोमचा और खटाल चलाने वाले लोग आखिर इतना पैसा कहां से लाएंगे।

### एक महीने के अंदर लोगों को कब्जा हटाना है : एमडी

झारखंड राज्य आवास बोर्ड के एमडी अमित कुमार ने कहा कि एचईसी की जमीन को हाउसिंग बोर्ड ने लीज पर लिया है। हाउसिंग बोर्ड के सेक्रेटरी की ओर से इस जमीन पर कब्जा करके रह रहे लोगों को नोटिस भेजकर कब्जा हटाने को कहा गया है। एक महीने के अंदर मकान खाली करना है। अवैध मकानों की संख्या ज्यादा है, इसलिए एक-एक बस्तियों से कब्जा हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां से जिन लोगों को हटाया जायेगा, उनके पुनर्वास की भी व्यवस्था है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जायेगा। जो लोग सक्षम नहीं हैं, उन्हें बैंक से भी मदद दिलाई जायेगी।

**कहां कितने मकान अवैध**

| | |
|---|---|
| **आनि मौजा** | |
| **बस्ती** | **अवैध मकान** |
| मुस्लिम बस्ती | 106 |
| थेथर कोचा | 97 |
| झांसी नगर | 90 |
| जेपी मार्केट | 700 |
| मौसीबाड़ी | 1219 |
| जगन्नाथपुर न्यू कॉलोनी | 570 |
| शिव मंदिर | 127 |
| **भुसूर मौजा** | |
| मामा नगर | 600 |
| भुसूर कोचा | 107 |
| गंगा खटाल | 12 |
| पथर कोचा | 186 |
| लंका कॉलोनी | 250 |
| पटेल नगर | 390 |
| ए टाइप मदरसा | 285 |
| लीची बागान | 53 |
| न्यू एरिया गांधी नगर | 22 |
| सुंदरगढ़ | 234 |

### कुलपति आरयू ने टीम के साथ किया पीपीके कॉलेज बुंडू का दौरा

# कॉलेज में बनेगा महिला छात्रावास

**कॉलेज आप के द्वार कार्यक्रम**

**आइक्यूएसी की एक टीम पीपीके कॉलेज बुंडू को नैक मूल्यांकन के लिए तैयारी करवायेगी, इसके लिए जल्द ही फंड उपलब्ध कराया जायेगा**

**कॉलेज की चारदीवारी का निर्माण होगा**

**कंप्यूटर तथा लाइब्रेरी में पुस्तकें उपलब्ध करायी जायेंगी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/बुंडू।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय पदाधिकारियों की टीम के साथ शुक्रवार को पीपीके कॉलेज बुंडू को दौरा किया। इस दरम्यान कुलपति एवं अन्य पदाधिकारियों ने कॉलेज के सभी शिक्षकों एवं छात्रों से बातचीत की और कॉलेज की सभी समस्याओं को जाना एवं उनके त्वरित निदान की बात कही। आरयू टीम के कॉलेज पहुचंने पर पीपीके कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकुल तथा पंचपरगनिया विभाग ने स्वागत किया। कुलपति के नेतृत्व में आरयू की टीम ने कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकों एवं छात्रों से बातचीत की और सभी समस्याओं को गौर से सुना और इनके निदान पर सहमति जतायी। छात्राओं की सुविधा के लिए महिला छात्रावास बनाया जायेगा। कुलपति ने पीपीके कॉलेज को नैक के मूल्यांकन की तैयारी के लिए विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों को हर संभव मदद करने को कहा, साथ ही आइक्यूएसी की एक टीम भी कॉलेज की सहायता करेगी। नैक की तैयारी के लिए फंड भी उपलब्ध कराया जायेगा। कॉलेज के छात्रों ने कंप्यूटर तथा लाइब्रेरी में पुस्तकों की कमी की समस्या बतायी। कुलपति ने जल्द ही कंप्यूटर तथा पुस्तकें उपलब्ध कराने की बात कही और कहा कि कॉलेज में चारदीवारी निर्माण का कार्य भी प्रारंभ होगा।

कॉलेज आप के द्वार कार्यक्रम के इस दौरे पर आरयू की टीम में कुलपति के साथ रजिस्ट्रार डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश साहु, सीसीडीसी डॉ. पी. के. झा, एफओ डॉ. एलकेएएन शाहदेव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा, डीआर वन डॉ. प्रीतम कुमार, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह उपस्थित थे।

## डीपीएस के बच्चों ने किया मुंबई का भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची ने ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए भ्रमण यात्रा का आयोजन किया। भ्रमण के दौरान छात्रों को मुंबई और लोनावाला की संस्कृति, भौगोलिक परिस्थितियाँ, महत्वपूर्ण स्थान एवं परम्पराओं से अवगत होने का मौका मिला। छह दिवसीय भ्रमण यात्रा के दौरान छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र राज्य के समृद्ध इतिहास, प्रतिष्ठित स्थलों और जीवंत परंपराओं से रूबरू हुए। यह यात्रा 22 अक्टूबर की सुबह शुरू हुई जब विद्यार्थी मुंबई के लिए रवाना हुए। विद्यार्थी सी-लिंक, नेहरू विज्ञान केंद्र और तारामंडल, हाजी अली, चौपाटी बीच, मरीन ड्राइव और गेटवे ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित स्थलों का दौरा किया। स्कूल के प्राचार्य, डॉ. राम सिंह ने कहा कि डीपीएस छात्रों को कक्षा से परे समग्र शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे भ्रमण के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने साथियों के साथ जुड़ने और स्थायी यादें बनाने का मौका मिलता है जो निःसंदेह शिक्षा और व्यक्तिगत विकास को समृद्ध करेगी।

## सीसीएल ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज पर कराया नुक्कड़ नाटक का आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल के सौजन्य से अटल स्मृति वेंडर मार्केट, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक में कलाकारों ने समाज को भ्रष्टाचार के कारण समाज को हो रहे नुकसान को अपने प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को अवगत कराया। गीत और संवाद के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया साथ ही साथ भ्रष्टाचार मुक्त समाज का संदेश भी दिया। ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा इस पूरे सप्ताह रांची के विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सतर्कता) अवध किशोर सिंह, विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) आलोक कुमार, शशांक शरण , विश्वास वत्स, मनीष कुमार तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### पूजा के बाद दिल्ली लौटने में विद्यार्थियों और नौकरी-पेशा करनेवालों के लिए राहत

# रांची से दिल्ली के लिए आज और दिल्ली से रांची के लिए एक नवंबर को चलायी जायेगी विशेष ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा के खत्म होने के बाद दिल्ली लौटने वाले यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए हटिया से दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। इस संबध में रांची रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेन संख्या 08857 हटिया नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन की यात्रा 28 अक्टूबर और ट्रेन संख्या 08858 नई दिल्ली- रांची स्पेशल ट्रेन की यात्रा एक नवंबर को होगी। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 10 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 11 कोच एवं रसोई यान का 01 कोच, कुल 24 कोच होंगे।

**ट्रेन संख्या 08857 हटिया नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन :** 28 अक्टूबर को ट्रेन हटिया से रात 8: 15 मिनट पर प्रस्थान करेगी। रांची से प्रस्थान 8:50 बजे, मुरी से प्रस्थान 10 बजे, बोकारो स्टील सिटी से प्रस्थान 11 बजे, गोमो से प्रस्थान रात बारह बजे, कोडरमा आगमन से प्रस्थान रात एक बज कर 20 मिनट पर होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय से प्रस्थान सुबह 07:55 बजे, प्रयागराज से प्रस्थान 11: 55 बजे, कानपुर से प्रस्थान 2: 20 मिनट पर, नयी दिल्ली आगमन रात के 11 बजे होगा। वहीं ट्रेन संख्या 08858 नई दिल्ली रांची स्पेशल ट्रेन की यात्रा एक नवंबर को होगी। इस दौरान ट्रेन नई दिल्ली से प्रस्थान 23: 30 बजे करेगी। कानपुर आगमन सुबह छह बजे होगा। प्रयागराज से प्रस्थान 9:40 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आगमन 1:05 गया से प्रस्थान 4:35 बजे, कोडरमा से प्रस्थान 6 बजे, गोमो से प्रस्थान 7:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी प्रस्थान 8:50 बजे प्रस्थान, मुरी से प्रस्थान 10:00 बजे, रांची आगमन रात 11:20 बजे और हटिया 11:55 बजे।

## रांची-नयी दिल्ली गरीब रथ और राजधानी एक्सप्रेस के रूट में किया गया बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची से दिल्ली चलने वाली प्रमुख ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। ये दो ट्रेन हैं रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और रांची-नई दिल्ली गरीब रथ। रांची से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस अलग अलग दिनों में गोमो होकर चलेगी, जबकि रांची नई दिल्ली गरीब रथ भी परिवर्तित मार्ग से चलेगी। पूर्व मध्य रेलवे की माने तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में तीसरी लाइन के कमीशनिंग के लिए कोसिआरा, हैदर नगर और जपला स्टेशन के यार्ड में नॉन इंटरलाकिंग होगा। इसे लेकर ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है।

**इन ट्रेनों का बदलेगा मार्ग** : एक और आठ नवंबर को ट्रेन संख्या 20408 नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस डेहरी आन सोन, गया, गोमो व राजाबेड़ा होकर चलेगी। दो और नौ नवंबर को ट्रेन संख्या 20407 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस राजाबेड़ा, गोमो, गया, डेहरी आन सोन होकर चलेगी। 27, 30 और 31 अक्टूबर और 03, 06, 07 और 10 नवंबर को ट्रेन संख्या 12877 रांची नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस गढ़वा रोड, चोपन व चुनार होकर चलेगी। 29 व 31 अक्टूबर और 02, 05, 07 और 09 नवंबर को ट्रेन संख्या 12878 नई दिल्ली रांची गरीब रथ एक्सप्रेस चुनार, चोपन और गढ़वा रोड होकर चलेगी।

### आंशिक रूप से रद्द ट्रेनें

27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक 03311 बरवाडीह डेहरी आन सोन पैसेंजर स्पेशल गढ़वा रोड से डेहरी आन सोन के बीच रद्द रहेगी। 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक 03312 डेहरी आन सोन बरवाडीह पैसेंजर स्पेशल डेहरी आन सोन से गढ़वा रोड के बीच रद्द रहेगी। 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक 03341 बरकाकाना डेहरी आन सोन पैसेंजर स्पेशल गढ़वा रोड से डेहरी आन सोन के बीच रद्द रहेगी। 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक 03342 डेहरी आन सोन बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल डेहरी आन सोन से गढ़वा रोड के बीच रद्द रहेगी।

## रावण दहन के बाद रामचंद्र, सीता, लक्ष्मण और हनुमान का कराया गया नगर भ्रमण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** श्री राम भरत मिलाप समिति की ओर से रामचंद्र-सीता, लक्ष्मण और हनुमान का नगर भ्रमण घोड़े के रथ में कराया गया। फेंटेसी कल्चरल अकादमी के जनिया घोष एवं प्रिया घोष ने सभी को सजाया। श्री राम का किरदार रवि कुमार, लक्ष्मण का किरदार आयुष कुमार, सीता का किरदार शिप्रा भारद्वाज और हनुमान का किरदार रुद्र कुमार ने किया। 29 अक्टूबर को यह यात्रा आगे बढ़ेगी और अयोध्या रूपी गांधी मैदान में श्री राम एवं भारत का मिलन होगा। शोभायात्रा में सरदार अशोक सिंह, रोहित शारदा, अमित गुप्ता, नम्रता सोनी, अनिल विजय, देवराज बर्मन, विनय ठाकुर, जितेंद्र कुमार बरनवाल, प्रिया सिन्हा, श्रेयास सिंह, मयंक विजय, आशीष कुमार, पीयूष विजयवर्गीय, निरूपा, मीनू, रेखा देवी, अलका, किशन राम, विकास राम, ऋतिक राम, आशीष राम, संदीप राम, संतोष, रवि उपस्थित थे।

## आखरी कुल के साथ उर्स ए गौसे आजम संपन्न



**रांची।** रांची डोरंडा फिरदौस नगर स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया में दो दिवसीय उर्स ए गौसे आजम कल आखरी कुल के साथ संपन्न हो गया। उर्स के अंतिम दिन सुबह मिलादुन्नबी से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। महफिल शमा में अल्हाज अनीस खान ने फुलवारी शरीफ ने गौसे पाक की शान ने मनकबत पेश की। खानकाह के सज्जादा नशी अल्हाज सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी ने बिहार शरीफ के चांद पूरा से आई अपनी 5 साल की नतनी सैय्यदा मिरकात नेजामी उर्फ अफ्फू को मात्र 1 महीने में कुरान पाक मुकम्मल करने पर माला पहना कर मुबारकबाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की दुवाएं दी। मौके पर सज्जादा नशी ने उर्स में पहुंचे सभी अकीदतमंदों को उर्स की मुबारकबाद दी और राज्य मुल्क में अमन चैन की दुआ की। मौके पर सैय्यद मौलाना अबू राफे तिबरानी, सैय्यद आफताब आलम चिस्ती, सैय्यद आरिज सिमनानी, सैय्यद अदनान आयाजी, सैय्यद जैन कादरी,पूर्व डीजीपी डीके पांडे, वरिष्ठ कांग्रेसी अरशद कुरैसी, इदारे शरिया के नाजीमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मो इम्तियाज, मौलाना बालो, मो रियाज, मो शब्बीर, मो इरफान, मो एनामुल, कारी आफताब जिया आदि ने शिरकत किया।

# कैंसर के कारणों के प्रति सचेत रहना जरूरी : डॉ पांडेय

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में टाटा ट्रस्ट के सहयोग से कैंसर जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के चिकित्सा निदेशक डॉ (कर्नल) मदन मोहन पांडेय ने शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान देते हुए कहा कि भारत में कैंसर से प्रतिदिन 1300 लोगों की मृत्यु होती है। इसलिए इस बीमारी से बचाव और प्रभावी इलाज के लिए समुचित कदम उठाना आवश्यक है।

डॉ पांडेय ने कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा एकत्रित आकंड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2022 में 14.61 लाख लोगों में कैंसर के मामले सामने आये। इनमें लगभग एक तिहाई लोगों की मौत हो गयी। परिषद् के अनुसार प्रत्येक नौ में से एक व्यक्ति को जीवन के किसी चरण में कैंसर होता ही है। इसलिए इसके कारणों के प्रति सतत सचेत रहना जरूरी है।




उन्होंने कहा कि बीमारी का देर से पता लगना, विशेषज्ञता वाले बड़े अस्पतालों का महानगरों में केंद्रित रहना, विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों एवं ढांचागत सुविधाओं की कमी, महंगा इलाज, तंबाकू, शराब का उपयोग, भोजन में रेशा की कमी, मोटापा, गतिहीन जीवन शैली, रसायन उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण आदि इसके प्रमुख कारण हैं। जिन लोगों में कैंसर की पारिवारिक पृष्ठभूमि रही है, यानी माता-पिता, दादा-दादी या भाई-बहन में से कोई कैंसर का मरीज रहा हो, उनमें कैंसर होने की संभावना 10-15 प्रतिशत रहती है।

रांची कैंसर अस्पताल की मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ रजनीगंधा टुडू ने कैंसर के कारणों, लक्षण, वार्निंग सिग्नल, विभिन्न स्टेज, इलाज के चरण, बचाव के लिए सावधानियां, निदान के उपायों आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन की प्रियदर्शिनी और मुकुल कुमार घोष ने भी अपने विचार रखे। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के निदेशक डॉ बीके अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बीएयू के कुलसचिव डॉ एमएस मलिक ने कहा कि अगले चरण में टाटा ट्रस्ट के सहयोग से विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए कैंसर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जायेगी।

### एक वर्ष से चल रहा टाटा ट्रस्ट के सहयोग एवं संरक्षण से निर्मित रांची कैंसर अस्पताल

डॉ पांडेय ने बताया कि सुकुरहुट्टू, कांके में टाटा ट्रस्ट के सहयोग एवं संरक्षण से निर्मित आधुनिकतम सुविधाओं और मशीनों से लैस रांची कैंसर अस्पताल पिछले एक वर्ष से कार्यरत है। यह महानगरों में अवस्थित किसी भी कॉरपोरेट अस्पताल से कम विशेषज्ञता वाला नहीं है। यहां केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना की दर पर इलाज होता है। आयुष्मान भारत कार्ड वालों का इलाज मुफ्त में होता है। यहां अबतक 20 हजार टेस्ट, 300 सर्जरी, 4000 रेडियोथेरेपी और 1100 कीमोथेरेपी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि टाटा ट्रस्ट का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं है। इसलिए यहां जांच और इलाज के लिए काफी कम शुल्क लिया जाता है। 'अपने स्वास्थ्य को जानिये' पैकेज के तहत 30 वर्ष तक उम्र के लोगों को 1000 रुपये में तथा 30 वर्ष से अधिक के लोगों को 1500 रुपये में कई तरह की जांच की जाती है। इसमे कुछ अंगों का कैंसर स्क्रीनिंग भी शामिल है। दूसरे अस्पतालों और डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित सीटी स्कैन, एमआरआइ, मेमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और पैथोलोजिकल जांच भी यहां कम लागत पर की जाती है।

## पुलिसकर्मी वादी को जलील करते हैं, सीआइडी ने एसएसपी को लिखा पत्र

**रांची।** एक आम इंसान जब थाना जाकर शिकायत करता है तो रांची पुलिस के कनीय पदाधिकारी उसे जलील और अपमानित करते हैं। ऐसी ही घटना धुर्वा के बद्रीनाथ शाहदेव के साथ 17 सितंबर को घटी। शिकायत लेकर गये वादी को अपमानित कर सिरस्ता में बैठा दिया गया। इस मामले को लेकर बद्रीनाथ शाहदेव ने सीआइडी से शिकायत की। शिकायत के आधार पर धुर्वा के दारोगा तीर्थराज तिवारी और आरक्षी अमित कुमार के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने के लिए एसएसपी को पत्र लिख गया है। सीआइडी ने इस मामले में जांच की तो मामले को सही पाया। सीआईडी को दिये शिकायत में बद्रीनाथ ने बताया था कि जब वे अपनी शिकायत लेकर धुर्वा थाना गये तो दारोगा तीर्थराज तिवारी और आरक्षी अमित कुमार ने उन्हें काफी जलील किया था। कहा कि वे सुधांशु के रास्ते से हट जाये नहीं तो अंदर सड़ा देंगे, जबकि यह मामला लाल बद्रीनाथ शाहदेव का अपने गोतिया से पैतृक संपत्ति को चल रहे विवाद का था।

## आज का राशिफल 28-10-2023

**तिथि** : पूर्णिमा 01.54 बजे रात्रि को समाप्त। **नक्षत्र** : रेवती 07.31 बजे तदनंतर अश्विनी 05.54 बजे प्रातः समाप्त। **योग** : वज्र 22.52 बजे को समाप्त। **करण** : विष्टि 15.04 बजे तदनन्तर बव 01.54 बजे रात्रि को समाप्त। चंद्रायु 13.3 घंटे।

**मेष** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** : घर के सदस्य मदद करेंगे और आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न होंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। शुभांक-5-6-7

**कर्क** : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** : कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर कर लें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। शुभांक-3-5-7

**कन्या** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-4-6-8

**मकर** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

## संत जेवियर्स कॉलेज में स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में नये सत्र में नामांकित स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जेसुइट शिक्षा प्रणाली एवं उसकी विरासत पर चर्चा की गयी। इसके बाद कॉलेज के विजन एवं मिशन के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध सारी सुविधाओं, दिशा-निर्देशों एवं कॉलेज के विभिन्न कमिटियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देकर बताया गया कि वे अपने शैक्षिक जीवन को गंभीरता से लें और कठिन मेहनत करें। इस अवसर पर कॉलेज के रेक्टर डॉ अलेक्सियुस एक्का, प्राचार्य डॉ नबोर लकड़ा, उप-प्राचार्य डॉ अजय मिंज, रजिस्ट्रार डॉ केनेडी सोरेंग, विभागाध्यक्ष डॉ संजय घोष, डॉ अजय श्रीवास्तव, डॉ जयप्रकाश पाण्डेय, अन्य प्राध्यापक व नये सत्र के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## 10 प्लस टू और स्नातक के विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी एक बेहतर विकल्प

### एनआइबीएम में सैकड़ों विद्यार्थी नयी तकनीक का उठा रहे लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआइबीएम में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन और सुनियोजित पढ़ाई की नयी तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं तथा रेलवे कर्मचारी चयन आयोग, इनकम टैक्स ऑफिसर, सीबीआइ तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेबल की कार्यालय में कार्यरत है।



संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षकों को 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं। यहां हजारों बेहतर पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाइब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है। तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया जाता है, जिससे विद्यार्थी मात्र 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। संस्थान लगातार 25 वर्षों से काफी बेहतर प्रदर्शन करते आ रहा है। स्नातक पढ़ रहे स्नात्तक, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए, बैंकिग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग एस.एस.सी. रेलवे की सेपरेट तथा कंबाइंड बैच 30 अक्टूबर एवं 06 नवंबर 2023 से विधिवत लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ प्रारम्भ किया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर, सर्कुलर रोड़, रांची स्थित एनआइबीएम संस्थान में संपर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर एक नजर में

### साईं नाथ विवि में आज महिलाओं पर हिंसा से जुड़े विषय पर सेमिनार

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची में शनिवार को दिन के 12 बजे से एक सेमिनार का आयोजन विवि परिसर के बहुउद्देशीय भवन में किया गया है। सेमिनार के मुख्य अतिथि अजय कुमार सिंह पुलिस महानिदेशक झारखंड एवं सम्मानित अतिथि प्रिया दुबे आइपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक झारखंड हैं। सेमिनार का विषय 'महिलाओं पर हिंसा : पुलिस की पहुंच और समस्याएं' है। इस सेमिनार में पुलिस प्रशासन की ओर से महिला हिंसा को रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाने तथा महिलाओं पर हो रहे अपराधों को रोकने के उपायों की जानकारी एवं जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस आशय की जानकारी साईं नाथ विवि, रांची के कुलपति प्रो. (डॉ) एसपी अग्रवाल ने दी।

### कोजागड़ा पर्व अब 28 अक्टूबर को नहीं मनेगा

**रांची।** विधापति स्मारक समिति की बैठक शुक्रवार को लेखानंद झा के निवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष ने कहा कि चंद्रग्रहण रात्रि 1 बजकर 5 मिनट में शुरू होगा रात्रि 2 बजकर 24 मिनट में समाप्त होगा एवं 4 बजे संध्या से सूतक लग जाएगा। सूतक लग जाने के बाद किसी प्रकार का पूजा, खाना खाना, खाना खिलाना वर्जित है। इसलिए कोजागड़ा महान पर्व जो दिनांक 28 अक्टूबर को होंने वाला था,वह स्थगित किया जाता है। बैठक में संजीव कुमार,उदित नारायण ठाकुर, संजीव कुमार, पवन झा,कमला कान्त झा, रामचंद्र यादव, रविकांत झा योगेश्वर पासवान, रंजीत लाल दास आदि लोग उपस्थित थे।

### डीएवी कपिलदेव के 8वीं का छात्र लापता

**रांची।** डीएवी कपिलदेव स्कूल के 8वीं का छात्र लापता हो गया है। उसका नाम आर्यन सिंह है। 13 वर्षीय आर्यन हरमू निवासी मुकेश सिंह का पुत्र है। मुकेश सिंह पेशे से वकील हैं। मुकेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर छुट्टी के बाद वे अपने बेटे को स्कूल से लाने गये। स्कूल गेट पर काफी देर तक बेटे के इंतजार में खड़े रहे। जब बेटा स्कूल से बाहर नहीं आया, तो उन्होंने स्कूल के अंदर जाकर खोजबीन की। नहीं मिलने पर अरगोड़ा थाने में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### एआरटी में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**रांची।** एआरटी केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारियों व कर्मियों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इसमें राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के चिकित्सा संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं गैर सरकारी संस्था सॉलिडेरिटी एंड एक्शन अगेंस्ट एचआईवी इनफेक्शन इन इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सीनियर मास्टर ट्रेनर डॉ बी मंडल, संयुक्त निदेशक सीएसटी डॉ बादल चंद्र भकत, डॉ एन अहमद एवं डॉ श्याम जी मिश्रा शामिल हुए।

### रंगदारी मामले में चाकूबाजी करनेवाला गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने नवीन साव को चाकू मारकर जख्मी करने के मामले रोहित कुमार सिंह उर्फ गजनी को गिरफ्तार किया है। रोहित के खिलाफ दीपक साव ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### एयरटेल एक्सट्रीम प्ले के पेड-सब्सक्राइबर्स 5 मिलियन के पार

**रांची।** भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) की वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, एयरटेल एक्सट्रीम प्ले के पेड सब्सक्राइबर्स की संख्या अक्टूबर महीने में पांच मिलियन (50 लाख) के आंकड़े को पार कर गयी है। इसके साथ ही, यह देश में अभी भी सबसे तेजी से बढ़ रहा ओटीटी एग्रीगेटर बना हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एयरटेल एक्सट्रीम प्ले एक सिंगल एप पर संग्रहित ओटीटी कंटेंट का भारत का सबसे बड़ा संकलन प्रदान करता है। इसके ग्राहकों को सोनी लिव, लायंसगेट प्ले, चौपाल, होईचोई, फैनकोड, मनोरमा मैक्स, शेमारू मी, ऑल्ट बालाजी, अल्ट्रा, इरोज नाउ, एपिकऑन, डॉक्यूबे, प्लेफ्लिक्स आदि जैसे पार्टनर्स के उत्कृष्ट कंटेंट प्राप्त होते हैं। वे एयरटेल एक्सट्रीम ऐप पर न्यूनतम 148 रुपये के रिचार्ज द्वारा 20 कंटेंट पार्टनर्स के 40,000 से अधिक मूवी टाइटल्स और शोज देख सकते हैं।

### बालाजी मंदिर में आज होगी पूर्णिमा की पूजा-अर्चना

**रांची।** बालाजी मंदिर में शनिवार को स्नान-दान-व्रत सहित शरद् पूर्णिमा की सभी अनुष्ठान को सायं चार बजे तक पूर्ण कर लिये जायेंगे। मालूम हो कि आश्विन शुक्ल पूर्णिमा को रात्रि 1 बजकर 05 मिनट से खण्डग्रास चन्द्रग्रहण शुरू होगा। रात्रि 1 बजकर 44 मिनट पर ग्रहण का मध्य तथा ग्रहण का मोक्ष रात्रि 2:24 बजे पर होगा। ग्रहण का सूतक 09 घंटे पूर्व दिन में 4:05 बजे से शुरू हो जायेगा। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में विराजमान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर भगवान का प्रातः 4.30 बजे विश्वरूप दर्शन, फिर नित्याराधन, महाभिषेक, श्रृंगार, महाआरती, मंत्रपुष्प, नैवेद्य के बाद शातुमोरा, तीर्थ, गोष्ठी, शठारी और प्रसाद होगा। पुनः दोपहर बारह बजे राजभोग लगेगा। दिन के 2.00 बजे से 3.30 बजे तक रात्रि की सेवा होगी। 3.30 के बाद शरद् पूर्णिमा का पूजा करके खीर नैवेद्य को भगवान के पास रखकर, भोग लगाकर, चन्द्रमा के किरणों में रखने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। ग्रहण के कारण रात्रि में चन्द्रमा के समक्ष खीर न रखते हुए श्रीकृष्णचन्द्र भगवान के समक्ष दिन में ही खीर रखकर सनातन परंपरा की रक्षा कर सकते हैं।

## रातू प्रखंड के चार राशन डीलरों को शोकॉज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत आवंटित खद्यान वितरण में अनियमितता की शिकायतों के अलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने रातू प्रखंड में संचालित राशन वितरण केन्द्रो/दुकानों का भौतिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जनवितरण प्रणाली दुकान लक्ष्मी महिला समिति, अनुज्ञप्ति सं०- 02/2012, नूर मोहम्मद, अनुज्ञप्ति सं० 12/86 एवं अभिषेक कुमार, अनुज्ञप्ति सं० 02/2006 कार्यावधि के दौरान बंद पाया गया। वहीं एक अन्य जनवितरण प्रणाली दुकान , स्वयं सहायता समूह मलमाडू, अनुज्ञप्ति सं. 13/2011 को निरीक्षण के क्रम में खुला हुआ पाया गया। इन सभी दुकानों की जांच में पाया गया की इनके भंडार में खाद्यात्र उपलब्ध रहने के बावजूद भी लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया एवं लाभुक उक्त योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। आवंटित राशन सामग्री का वितरण नहीं करने एवं अनियमितता बरतने को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची द्वारा 48 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया है।

### डीएसओ के निरीक्षण के दौरान बंद पायी गयीं कुछ राशन दुकानें

## चोरों ने 25 बाइक को किया गायब

**रांची।** दुर्गापूजा के दौरान बाइक चोरों की मौज रही। पुलिस सुरक्षा में लगी तो हुई थी, लेकिन चोरों ने पुलिस की सुरक्षा को धत्ता बताते हुए 25 वाहनों को गायब कर दिया। चोरों ने रांची के अलग-अलग इलाकों में बाइक पर हाथ साफ किया। पुलिस रिकॉर्ड की बात करें तो एक सप्ताह में सिर्फ कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से 6 और धुर्वा थाना क्षेत्र से भी 6 गाड़ियों की चोरी कर ली गयी है। बाइक, स्कूटी और अन्य कीमती वस्तुएं की चोरी की गयी। 19 अक्टूबर को अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार बाइक चोरी हुईं। 20, 21 और 22 अक्टूबर को भी चोरों ने अलग-अलग इलाकों से चार मोटरसाइकिल और स्कूटी पर हाथ साफ किया। 22 अक्तूबर से लेकर 26 अक्तूबर के बीच चोरों ने करीब सात वाहनों की चोरी की।

## रांची के एसएसपी ने सिल्ली थानेदार को हटाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अवैध बालू उठाव और इसके परिचालन पर रोक न लगाने के कारण एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिल्ली थानेदार आकाशदीप को सस्पेंड कर दिया। इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। फिलहाल अभी सिल्ली थाना में किसी की पोस्टिंग नहीं कि गयी हैं।

इससे पूर्व एसएसपी की ओर से पत्राचार कर स्पष्टीकरण पूछा गया था, लेकिन सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप का जवाब संतोषजनक न होने के कारण यह कार्रवाई की गई हैं।

**एसएसपी की क्यूआरटी ने पकड़ा था अनगड़ा में बालू लोड गाड़ी :** सिल्ली इलाके से अवैध बालू उठाव और परिचालन को लेकर एसएसपी को लगातार सूचना मिल रही थी। इस पर कार्रवाई करते हुए एसएसपी के आदेश पर क्यूआरटी ने अनगड़ा इलाके में छापेमारी कर बालू लोड गाड़ी को पकड़ा था। जिसके बाद जांच में पाया गया कि सिल्ली से बालू का उठाव हर दिन हो रहा हैं। फिर एसएसपी ने डीएसपी से जांच कराने के बाद स्पष्टीकरण पूछा और कार्रवाई करते हुए सिल्ली थानेदार आकाशदीप को सस्पेंड कर दिया।

### अवैध तरीके से बालू उठाव और परिचालन का मामला

## श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से आज मनेगा शरद पूर्णिमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शरद पूर्णिमा उत्सव. हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही धूमधाम से आज मनाया जाएगा । शरद पूर्णिमा के अवसर पर बाबा श्याम को श्वेत पोशाक (बागा) श्वेत आभूषण श्वेत फूलों का श्रृंगार किया जाएगा। श्वेत प्रसाद से बाबा को भोग लगाया जाएगा एवम श्वेत लाइट से पूरा मंदिर को सजाया जाएगा। इस बार चंद्र ग्रहण होने के कारण शनिवार को प्रातः ही श्रृंगार एवं श्वेत दर्शन भक्तों को हो पाएंगे। दोपहर 3:30 बजे के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे ,जो कि रविवार 29 अक्टूबर को प्रातः नियमित समय पर खुलेंगे। पूरे झारखंड में एकमात्र हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में ही शरद पूर्णिमा उत्सव खाटूधाम के परंपरा अनुसार इसी रूप में मनाया जा रहा है । इस दिन बाबा श्याम का प्राकृतिक पंखा भी खुलता है जो



वैशाख सुदी तीज अक्षय तृतीया के अवसर पर लगाया जाता है, बाबा श्याम को नया श्वेत चंदवा भी लगाया जाएगा। चंद्र ग्रहण होने के कारण रात्रि ढाई बजे पूरे मंदिर परिसर को धुले जाएगा एवं साफ सफाई करवाई जाएगी शरद पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के दिशा निर्देश में कार्यकर्ता लगे हुए हैं। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## रांची में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

### मुंगेर से हथियार रांची लाकर बेचता है अभिषेक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के अलग-अलग इलाकों में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो कुख्यात अपराधियों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार दोनों अपराधी अभिषेक कुमार सिंह और सोनू सिंह उर्फ सोनू सरदार पुराने अपराधी हैं। दोनों आर्म्स एक्ट और रंगदारी जैसे मामलों में पूर्व में भी जेल जा चुके हैं।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि हाल के दिनों में रांची के जगन्नाथपुर और तुपुदाना इलाके में रात के समय जहां तहां अपराधियों के द्वारा फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। मामला



सामने आने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसी बीच पुलिस की टीम को यह सूचना मिली कि जगन्नाथपुर इलाके में ही दो अपराधी लोडेड पिस्तौल के साथ देखे गए हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम एक्टिव हुई और घेराबंदी कर दोनों अपराधियो अभिषेक कुमार सिंह और सोनू सरदार को धर दबोचा। पुलिस की टीम अगर दोनों अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार नहीं करती तो उस दौरान भी वह फायरिंग कर दहशत फैलाने के लिए ही घर से निकले थे। बताया जाता है कि अभिषेक कुमार सिंह मुंगेर जिले से अवैध हथियार लाकर रांची में बेचा करता है।

गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो पिस्टल, कारतूस और स्मार्टफोन बरामद किए गये हैं। दोनों अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास है। अभिषेक कुमार सिंह रंगदारी और आर्म्स एक्ट के मामले में बिहार से भी जेल जा चुका है। अभिषेक के खिलाफ रांची के कई थानों में मामले दर्ज हैं। वहीं सोनू सरदार आर्म्स के मामले में धुर्वा थाने के द्वारा पूर्व में जेल भेजा गया था। अभिषेक और सोनू आदतन अपराधी हैं। जेल से निकलने के बाद भी दोनों आपराधिक वारदातों को लगातार अंजाम देते आ रहे हैं।

### रंगदारी के लिए फायरिंग

पुलिस की तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि अभिषेक और सोनू इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने और रंगदारी वसूलने के लिए फायरिंग की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। फायरिंग कर दोनों कारोबारियों के मन में दहशत पैदा करना चाह रहे थे, ताकि उन्हें आसानी से रंगदारी मिल सके।

स्पीड न्यूज

## ट्रक से गिरकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी में दुर्गा पूजा के विसर्जन के दौरान ट्रक से गिरकर घायल युवक सूरज मुंडा (25 वर्ष) की शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक सूरज मुंडा, पिता फागू मुंडा सिकिदिरी थाना क्षेत्र के ढेलुवाखूंटा का रहने वाला था। विगत मंगलवार को ढेलुवाखूंटा दुर्गा पूजा समिति का मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे ट्रक के ऊपर वह सवार था। इस दौरान ईद मोड़ के समीप पेड़ की डाली से टकराकर वह नीचे गिर गया। नीचे गिरने से सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया था। ईलाज के लिए उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

## कुच्चू में ऐतिहासिक जतरा मेला आज

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू बाजार मैदान में शनिवार को लगने वाले एतिहासिक जतरा मेला की तैयारी पूरी हो गई है। जतरा मैदान में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच तैयार हो गया है। वहीं विभिन्न प्रकार के झुले लगाने की अंतिम तैयारी की जा रही है। ऐतिहासिक जतरा मेला को सफल बनाने के लिए जतरा संचालन समिति का गठन किया गया है। इसमें राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को संरक्षक बनाया गया है।

## खेल महोत्सव को लेकर सिकिदिरी में प्रशिक्षण शुरू

**सिकिदिरी।** खेल महोत्सव को लेकर शुक्रवार से सिकिदिरी मैदान में चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी द्वारा 31 अक्टूबर से 100 खेलों का खेल महोत्सव किया जा रहा है। इसका उद्घाटन जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने किया। प्रशिक्षण में आसपास के गांव के 83 खिलाड़ी शामिल हुए। मौके पर निर्मल करमाली ने बताया कि संस्थान द्वारा खेल महोत्सव का आयोजन सराहनीय पहल है। इस तरह के आयोजन से इस क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होंगे।

## जशपुरिया बीएड कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**सिकिदिरी।** जशपुरिया बीएड कालेज गेतलसूद में दो दिवसीय अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 28-29 अक्टूबर को खेली जाएगी। इसका आयोजन अभ्युदय यूथ क्लब एकल अभियान रातू अंचल द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची-लोहरदगा सड़क स्थित तुको कब्रिस्तान के समीप राहगीर को बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे राहगीर व बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की पहचान 45 वर्षीय राजेश बैठा व 28 वर्षीय दानियल बेक तुको बेड़ो गांव निवासी के रूप में हुआ। उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## बालिका फुटबॉल टीम बोकारो रवाना

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के बालिका फुटबॉल टीम बोकारो के लिए रवाना हुए। फुटबॉल खिलाड़ी सीबीएसई ईस्ट जोन फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होंगें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सिल्ली में जनसभा को किया संबोधित, अनगड़ा में हुआ स्वागत

# भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त झारखंड बनाना है लक्ष्य : बाबूलाल मरांडी

**संकल्प यात्रा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के पतराहातू मैदान में शुक्रवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित किया। मंच का संचालन धीरज महतो कर रहे थे। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संकल्प यात्रा अब अपनी आखिरी पड़ाव पर है। जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया था कि जब भाजपा की केंद्र में सरकार बनेगी तो सबसे पहले गांव के गरीब किसान तथा मजदूरों के लिए समर्पित रहेगी। केंद्र की वर्तमान सरकार ने मां बहनों को घर देने का काम किया तथा गरीबों के लिए शौचालय बनावाया। झुग्गी झोपड़िया में रहने वाले लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस पहुंचाया ताकि माताएं बहनों को परेशानी नहीं हो। संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लाया, ताकि महिलाओं की हिस्सेदारी संसद में बढ़ सके। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में हम लोगों को मिलकर अपराध मुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड बनाना है। रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड को लूट खंड का अड्डा बना दिया है। आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। जनता अब परेशान हो चुकी है और आगामी चुनाव में सत्ता को पलटने का काम करेगी। मौके पर पूर्व प्रदेश भाजयुमो रामाकांत महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, मनोज बाजपेयी, प्रताप कुशवाहा, विनोद साहू, रेखा महतो, नूतन केसरी, सृष्टिधर प्रजापति, बीना देवी समेत हजारों लोग उपस्थित रहे।



### अनगड़ा में बाबूलाल मरांडी का स्वागत

**अनगड़ा।** सिल्ली से लौटते समय गोन्दली पोखर चौक पर बालूलाल मरांडी और सांसद संजय सेठ का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल- नगाड़ों के साथ इनकी अगुवानी की। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी से 2024 के लोक सभा की तैयारी में जुट जायें। शनिवार को हरमू रांची में आयोजित संकल्प यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल होने का भी आह्वान किया गया। डॉ अमर चौधरी ने कहा कि संकल्प यात्रा में अनगड़ा से एक हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खेत में महिला की गला काट कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** लुंगटू पंचायत लिपीहासा गांव में एक महिला की धारदार हथियार से काट कर हत्या कर दी गई। मृत महिला की पहचान मादे देवी (42 वर्ष) के रूप में की गई है। महिला परासी गांव की रहने वाली थी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मादे देवी पहाड़ी के ऊपर बने खेत में काम कर रही थी। तभी दो लोग उसके पास आए। ग्रामीणों का कहना है कि महिला और उन व्यक्तियों के बीच कुछ बातचीत हुई। हंसी-मजाक भी हुआ। फिर अचानक उन्होंने महिला पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जानलेवा हमले में घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्यारों की पहचान के लिए पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटना को लेकर बुंडू डीएसपी सी केरकेट्टा ने बताया कि अभी पता नहीं चल सका है कि हत्या का कारण क्या था। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

## एक नजर में

### अंडर 19 फुटबॉल झारखंड टीम में बुंडू के पंकज उरांव का चयन



**बुंडू।** रमेश सिंह मुण्डा स्मारक 2 उच्च विद्यालय बुंडू के 11वीं के छात्र पंकज उरांव तिलाईपीड़ी निवासी का चयन झारखंड राज्य अण्डर 19 फुटबॉल टीम में हो गया है। झारखंड की टीम को जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हो गयी। ज्ञात हो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंतर राज्य फुटबॉल प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर में आयोजित हो रही है। विद्यालय के प्रभारी नीलमणि सोरेंग, खेल शिक्षक भूपेंद्र कुमार, कार्तिक प्रमाणिक, यशपाल कुमार सहित बुंडू क्षेत्र में युवा उत्साहित है।

### एथलेटिक्स में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे बुंडू के दो खिलाड़ी



**बुंडू।** रांची खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले खेलो झारखंड के तहत एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रमेश सिंह मुंडा स्मारक 2 उच्च विद्यालय बुंडू के दो छात्र रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। 10वीं के छात्र बारूहतु निवासी राम महली, 5000 मीटर दौड़ तथा 11वीं के छात्र अरार्डीह निवासी विनोद मुंडा लांग जंप में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनो एथलिट खेल शिक्षक भूपेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### अशोका परियोजना में मूलभूत सुविधा की मांग

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के नावाडीह शाखा के द्वारा सीसीएल अशोका परियोजना पिपरवार से मूलभूत सुविधा की मांग किया गया। इस दौरान नावाडीह शाखा के अध्यक्ष ने महुलिया में मायापुर मुख्य पथ से लेकर सुदीन अंसारी के घर तक पीसीसी सड़क का निर्माण मतलु लोहरा के घर से लेकर नावाडीह स्कूल तक सहित अन्य जगहों पर पक्की सड़क नालीएपानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का मांग की।

### मनातू फुटबॉल खिलाड़ियों को मिली जर्सी



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के मनातू गांव के फुटबॉल खिलाड़ियों को भारत मुंडा समाज द्वारा जर्सी प्रदान किया गया। शनिवार को भारत मुंडा समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष भीम मुंडा ने सभी खिलाड़ियों को जर्सी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवाओं को जर्सी दी गई। कहा कि गांव के युवा फुटबॉल खेल के प्रति काफी उत्साहित हैं। रांची-रामगढ़ सहित विभिन्न फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में शामिल हो इन गांवों के युवाओं द्वारा बेहतर खेल का प्रदर्शन भी किया जाता है, लेकिन बेहतर खेल सुविधा नहीं मिलने से युवाओं में काफी निराशा थी।

# मणिपुर हिंसा के लिये मोदी-शाह जिम्मेवार : सुंदरी

- मखमंदरो में प्रखंड कांग्रेस की बैठक में बोलीं पूर्व जिप अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** कांग्रेस नेत्री और पूर्व जिप अध्यक्ष सुंदरी तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिये हमें तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने संगठन में महिलाओं की भागीदारी और सशक्त बूथ कमेटी के गठन पर जोर दिया। श्रीमती तिर्की ने मणिपुर हिंसा के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेवार ठहराया। वह मखमंदरो में आयोजित पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ की बैठक में बोल रही थीं। महिला कांग्रेस की ग्रामीण जिला अध्यक्ष मेरी तिर्की, लखन गोप, लक्ष्मी भगत, मियांजान अंसारी, राजेश पांडेय व अक्लिमा खातून ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व सदस्यों ने पार्टी को मजबूत बनाने समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की और कमेटियों के शीघ्र विस्तार का निर्णय लिया। अध्यक्षता कुशल उरांव ने किया, जबकि संचालन अतुल राज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जाकिर अंसारी ने दिया।

### नवनियुक्त महिला अध्यक्ष का स्वागत

प्रखंड महिला इकाई की नवनियुक्त अध्यक्ष और पाली पंचायत की निवर्तमान मुखिया शकुंतला देवी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर रुस्तम अंसारी, जियारत अंसारी, हाजी मंसूर आलम, अब्दुल मनान, कृष्ण उरांव, विश्वनाथ उरांव, रियाजुल अंसारी, मोबिन अंसारी, अनवर हुसैन, प्रकाश उरांव, मंजुर आलम, इसहाक खान व सुखमनी उरांव आदि मौजूद थे।

## सीसीटीवी कैमरा तोड़ स्कूल में चोरी

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के राज्य संपोषित उच्च विद्यालय एवं राजकीय मध्य विद्यालय चिलदाग में दुर्गा पूजा के अवकाश के दौरान अज्ञात चोरों ने उच्च विद्यालय का सीसीटीवी कैमरा ईट-पत्थर मार कर क्षति ग्रस्त कर दिया तथा स्कूल में रखे सरिया तथा मध्य विद्यालय का दो लोहा की खिड़की उखाड़ कर ले भागे। चोरों ने मध्य विद्यालय में रखे किताब-कॉपी इत्यादि की भी चोरी कर ली। चोरों ने पहचान छुपाने के लिए सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस समय कुछ युवकों में नशे का प्रचलन काफी बढ़ गया है। इस संबंध में थाना को सूचित किया गया है।

# महान व्यक्तित्व के धनी थे कार्तिक बाबू

**खोड़हेधारी हो रहे सम्मानित, गांव में है उत्सवी माहौल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड पड़हा विकास समिति की ओर से गुडू में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्व कार्तिक उरांव की पांच दिनी 99वीं जयंती मनायी जा रही है। इसका संयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक तिर्की कर रहे हैं। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिदिन 20 से 25 खोड़हा टीमें हिस्सा ले रही है। इसे लेकर गांव में उत्सवी माहौल है। समापन 29 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम के तीसरे दिन जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो ने खोड़हे धारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कार्तिक बाबू को महान व्यक्तित्व का धनी बताते हुये उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। मौके पर मुखिया अनिल तिर्की, प्रधान सुरेश उरांव, पाहन लक्ष्मण उरांव, छात्र संघ के उपाध्यक्ष सुरेश टोप्पो, पेयारी उरांव, आयोजन समिति के विनोद उरांव, मनोज उरांव, बसंत उरांव, सामू उरांव, सुक्का उरांव, कैलाश उरांव, देवनाथ उरांव, सुनिल उरांव व काली उरांव आदि मौजूद थे।

# ओरमांझी से चालक सहित ट्रैक्टर गायब, खोजने में जुटी है पुलिस

**30 बोरी सीमेंट लाने के लिए 25 सौ में तय हुआ था भाड़ा, एक हजार दिया था एडवांस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** इंडस्ट्रियल एरिया मरार रांची रोड रामगढ़ निवासी सुनील कुमार के ट्रैक्टर को ओरमांझी थाना क्षेत्र से चालक सहित गायब कर दिया गया है। बताया गया कि चालक से तीन लोग रामगढ़ में मिले। 25 सौ रुपया में भाड़ा तय कर एक हजार रुपया एडवांस दिया और 30 बोरा सीमेंट लाने के नाम पर ओरमांझी चलने को कहा। चालक द्वारा ट्रैक्टर मालिक को इसकी जानकारी देकर तीन मजदूरों को साथ लिया और रामगढ़ से ओरमांझी के लिए चला। शास्त्री चौक ओरमांझी पहुंचने पर भाड़ा किए तीनों ने मजदूरों को नास्ता करने के लिए 50 रुपया देकर ट्रैक्टर से उतार दिया और चालक सहित ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। एक घंटा बाद भी ट्रैक्टर ब्लॉक चौक नहीं पहुंचा। जानकारी मिलने पर ट्रैक्टर मालिक द्वारा चालक को फोन करने पर मोबाइल स्वीच ऑफ मिला। इसके बाद भाड़ा करने वाले को फोन करने पर उधर से बोला गया कि अभी चालक के पास नहीं हैं, थोड़ी देर में बात कराते हैं। बाद में उसने भी मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिया। चालक का किडनैप व ट्रैक्टर गायब होने का एहसास होते ही सुनिल कुमार भागा-भागा ओरमांझी थाना पहुंचा। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा चालक व ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है।

## मालटी गांव में दशाई जतरा सह फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**नामकुम।** शुक्रवार को प्रखंड के मालटी गांव में दशाई जतरा सह छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जतरा हमारी संस्कृति है। हम सभी इसे पारंपरिक रीति रिवाज से मनाते हैं। हमें अपनी कला एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए ही जतरा एवं मेला का आयोजन करते हैं। जतरा एवं मेला ग्रामीणों की एकता की परिचय देता है। वहीं विधायक ने कहा कि झारखंड खेल और अपने खिलाड़ियों के नाम से प्रसिद्ध है। हमारे खिलाड़ी आज फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी आदि खेलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान विधायक राजेश कच्छप ने मालटी सरना स्थल की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास भी किया।

# सोनाहातू : धान में लगा झुलसा रोग, खेत के खेत हो रहे राख

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** किसानों की धान की खेती तैयार होने वाली है। अंतिम समय में धान के पौधों पर झुलसा रोग पकड़ लिया है, जिससे खेत के खेत जल कर राख हो रहे हैं। धान की इस बीमारी ने किसानों का कमर तोड़ दिया है। किसानों ने जमा पूंजी खेती कार्य में लगा दिया है। अब धान मिलने के समय सब राख हो रहा है। प्रखंड के चोगा गांव में अब तक 7 एकड़ से अधिक खेत राख हो चुके हैं। अब धीरे-धीरे एक खेत से दूसरे खेत तक पसर रहा है। किसान सुनील महतो, दिनेश भगत, देवीप्रसाद सिंह मुंडा, बुधन सिंह मुंडा, भानुप्रताप सिंह मुंडा, राम श्रीगार मगतो, कार्तिक सिंह मुंडा, नगेन महतो, शशि देवी, शशोधर महतो के खेत में बीमारी फैल गयी है। किसानों ने रोक थाम के लिये दवा का छिड़काव किया, लेकिन दवा कारगर साबित नहीं हुई। किसानों ने बीडीओ को ज्ञापन देकर बीमारी की जांच की मांग की है।

> प्रखंड कृषि पदाधिकारी बिष्णु खंडित ने कहा कि प्रखंड में झुलसा बीमारी की सूचना मिली है। बीमारी की रोक थाम के लिए जिला से निर्देश मांगा गया है।

> बीटीएम दीनानाथ भगत ने कहा कि बीमारी के प्रांरभ में जानकारी होने पर रोकथाम हो सकती है, लेकिन बीमारी फैल जाने के बाद इलाज नहीं होता है। किसानों को दवा का नाम दिया जा रहा है। समय पर छिड़काव करने पर धान में सुधार हो सकता है।

## फेसबुक, ट्विटर और सोशल साइट्स पर हैश टैग अभियान

**सोनाहातू/राहे।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर फेसबुक, ट्विटर आदि सोशल साइट्स पर एक घंटे का विशेष हैश टैग अभियान चलाया गया। अभियान शुक्रवार सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बीएलओ को उत्साहवर्धन और उनके कार्य को समुचित सम्मान देना था। राहे बीडीओ हारून रशीद ने दोकाद पंचायत के बूथ में जाकर बीएलओ के साथ सेल्फी कराये। इस दौरान प्राउड ऑफ माय बीएलओ के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। बीडीओ ने कहा कि इसका उद्देश्य बीएलओ का मनोबल बढ़ाना है।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांक........................खूँटी, **आम सूचना** दिनांक..................

नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रांन्तर्गत गया मुण्डा कम्पलेक्स में बकायेदारों के दुकान को दिनांक 27.09.2023 को सील किया गया था। दुकानदारों द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने के कारण दिनांक 02.11.2023 को सील किये गये दुकान को खोलने एवं सामानों को सुरक्षित स्थान पर रखने की कारवाई की जाएगी।

ह0/-
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 309951 (Urban Development)23-24*D


# खलारी : ग्रामीणों ने बंद कराया पुलिया निर्माण कार्य

- संवेदक ने नहीं बनाया डायवर्सन और खोद डाली सड़क, ग्रामीणों की बढ़ गई परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** हेसालौंग जोभिया मुख्य पथ पर पुल निर्माण के लिए संवेदक कर्मियों ने खोदा गड्ढा, राहगीरों ग्रामीणों सहित मुखिया ने किया विरोध। जानकारी के अनुसार हेसालौंग जोभिया पथ पर पूल निर्माण कार्य शुरू किया गया है। शुक्रवार दोपहर पुल निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक व कर्मियों ने बिना डायवर्सन या वैकल्पिक व्यवस्था बनाये सड़क के बीचों बीच पुलिया के दोनो तरफ गड्ढा खुदाई कर दिया। मार्ग अवरुद्ध हो जाने से हेसालौंग जोभिया डुमारो सहित पूरे मैक्लुस्कीगंज के लोगों के समक्ष समस्या उत्पन्न हो गयी। इस लापरवाही पर लपरा मुखिया पुतुल देवी सहित पूरे मैक्लुस्कीगंज के लोगों ने नाराजगी व्यक्त कर निर्माण कार्य को तत्काल रोक दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि संवेदक कर्मियों ने दुर्व्यवहार भी किया। कुछ घंटों के बाद संवेदक कर्मियों ने वैकल्पिक मार्ग बनाया तब जाकर मामला शांत हुआ। वहीं मुखिया पुतुल देवी ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज एक पर्यटन क्षेत्र है और यहां हो रहे निर्माण कार्यों में किसी तरह की लापरवाही नजर अंदाज नहीं की जा सकती। उन्होंने संबंधित विभाग से



अधिकारियों की उपस्थिति में कार्य करने की मांग की है। विरोध करने वालों में बिरजा उरांव उमेश साहू महादेव राणा पवन मुंडा दीपक राणा विजय साहू रामकुमार साहू संजय साहू प्रभु मुंडा रामभजन सिंह जयनाथ मुंडा अन्य ग्रामीण शामिल थे।


**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – RE- 01, 03/2023-24 (2nd Call)

1. निविदादाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 04.11.2023 को कार्यालय अवधि तक। (कार्यालय दिवस में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 06.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 06.11.2023 को 03:30 बजे अपराह्न।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी : : 15वें वित्त आयोग (Untied Grant)

| ग्रूप सं0 | प्रखण्ड | पंचायत का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | | |
| 1 | गोला | चाडी | ग्राम चाडी तालाब मे पक्के घाट का निर्माण | 4,00,500.00 | 9,000.00 | 750.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | माण्डू | माण्डूचटटी | माण्डूचटटी धरनिया टांड हरया पेड से लेकर धनेश्वर साव के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 6,21,510.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 03 (तीन) माह |

9. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 9661503026
10. इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ़ में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेंगें।
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा।
12. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।


नोट :– सरकार के सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक –2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से– (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद,रामगढ़।

PR 309963 (District) 23-24 (D)

स्पीड न्यूज

## रामगढ़ में अवैध बालू का स्टॉक जब्त



**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम शुक्रवार को गोला थाना अंतर्गत हेसापोड़ा परसाडीह बालू घाट व अन्य क्षेत्रों में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान पिपराटांड़ क्षेत्र से कुल 9000 घन फीट अवैध रूप से बालू के स्टॉक को जब्त किया गया। जिसके उपरांत जब्त किए गए स्टॉक को गोला थाना को सुपुर्द किया गया। अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, गोला थाना प्रभारी प्रभात कुमार सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पंचायत में विशेष ग्रामसभा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में सीसीएल बरका- सयाल क्षेत्र के सौजन्य से ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सीएसआर विभाग के नोडल ऑफिसर रमित देवांगन, एसओपी अजय कुमार, सहयोगी गोविंद कुमार पासवान सहित सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के अमला अधिकारी, कार्मिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। ग्रामसभा में भुरकुंडा पंचायत के चहुंमुखी विकास सहित समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## कराटे में छात्रा ने किया शानदार प्रदर्शन

भदानीनगर (रामगढ़)। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही झंडा मैदान निवासी निर्मल कुमार साहु व प्रीति मेहता की छः वर्षीय पुत्री नीति कुमारी ने कराटे में बेहतर प्रदर्शन कर पुरस्कृत हुई है। नीति के प्रदर्शन से माता-पिता सहित विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए एला एंग्लाइज केजी स्कूल के यूकेजी की छात्रा नीति कुमारी पिछले 3 महीना से सेंसाई कंचन दास से कराटे व योग प्रशिक्षण ले रही है। कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया कि नीति का एक दिवसीय कराटे एवं योग प्रशिक्षण शिविर में उम्दा प्रदर्शन रहा।

## टीएसएस का होगा विस्तार : अरुण साहू



**बरही।** मलकोको पंचायत में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा विधायक उम्मीदवार अरूण साहू दर्जनों कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। इस बीच उन्होंने ग्रामीणों का आभार जताते हुए संगठन की मजबूती व विस्तार की बातें करते हुए ग्रामीणों को जागरूक होने के बातें की।उन्होंने लोगों को बताया कि संगठन से जुड़कर सरकार की लाभकारी योजनाओं से लाभ लेने के सम्बंध में विस्तारपूर्वक बताया। लोगों ने भी उनकी बातों का खुलकर समर्थन किया और तिलेश्वर साहू सेना संगठन के साथ जुड़कर इसके मूल विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से संतोष रजवार प्रखंड अध्यक्ष,विष्णुधारी महतो प्रधान महासचिव, बबलू साहू मीडिया प्रभारी, मोहम्मद जमीरूद्दीन अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष, राजेश कुशवाहा पंचायत अध्यक्ष, युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, मोहम्मद इस्माइल अंसारी, मोहम्मद सेराज, अनवर अंसारी, धनेश्वर मिर्धा, मो निजामुद्दीन,सूरज शर्मा, वरुण कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने सीएचसी का किया निरीक्षण




**कटकमसांडी।** शुक्रवार को हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कटकमसांडी सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। प्रतिनिधि मंडल में कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद राजा, पंचायती राज के सांसद प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, कृषि विभाग सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता टेकलाल यादव शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी चिकित्सक डा. भूषण राणा से क्रमवार 16 बिंदुओं पर बात की और अस्पताल में जो कमी देखी गई, उसे सांसद श्री सिन्हा को अवगत कराने की बात कही गई।

## लायंस क्लब ने लगाया जांच शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम के बगल में उत्सव मैरेज हॉल में शुक्रवार को एक दिवसीय निःशुल्क हड्डी घनत्व एवं ब्लड शुगर जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सदर हॉस्पीटल रामगढ़ के नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार अभिजीत ने बीएमडी मशीन से दर्जनों लोगों का निःशुल्क हड्डी घनत्व जांच किया। शिविर में आये मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण कर डॉ. कुमार अभिजीत ने उचित परामर्श भी दिया। उन्होंने लोगों से खान-पान पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, संजय सिंह, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, शिवा प्रसाद सहित राज नर्सिंग होम की सिस्टर नीतू, गुड्डू आदि का विशेष योगदान रहा।

## भुरकुंडा सब्जी मंडी से कचरे को जल्द हटाये सीसीएल प्रबंधन : अंबा प्रसाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। विधायक अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को भुरकुंडा बाजार स्थित पुराने सब्जी मंडी का दौरा किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद के साथ सीसीएल बरका-सयाल के जीएम अजय सिंह भी उनके साथ में मौजूद थे। ज्ञात हो कि रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य, भुरकुंडा के व्यवसायी और आमजनो ने भुरकुंडा के विभिन्न समस्याओं से विधायक अंबा प्रसाद को अवगत कराते हुए समाधान कराने का आग्रह किया था। इस दौरान लोगों ने अंबा प्रसाद को बताया था कि वर्षों से पुरानी सब्जी मंडी में कचरा का अंबार लगा हुआ है। जिसके कारण लोगों को काफी गंदगी एवं दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। गंदगी को तत्काल हटाने और नाली की समस्या का समाधान करने तथा बंद पड़े शौचालय को चालू कराने की मांग ग्रामीणो ने विधायक से की थी। जिसके बाद से विधायक अंबा प्रसाद लगातार सीसीएल प्रबंधन से इन कार्यों को पूरा करने के लिए दबाव बना रही थी। इसी कड़ी में शुक्रवार को विधायक अंबा प्रसाद सीसीएल के महाप्रबंधक अजय सिंह को लेकर भुरकुंडा पुराना सब्जी मंडी पहुंची। जहां वर्षों से कचरे के लगे अंबर को दिखाते हुए लोगों को हो रही समस्याओं से निजात दिलाने को जीएम से कहा। विधायक ने नाली का निर्माण करने तथा बंद पड़े सभी शौचालय को चालू करवाने और भुरकुंडा क्षेत्र में जगह-जगह हाई मास्ट लाइट लगाने की भी बात जीएम से कही।

# हजारीबाग में जुआरियों को लूट रहे हैं नकाबपोश डकैत !

## 10 दिनों में 15 लाख से अधिक की लूट, जुआरी पुलिस को नहीं दे रहे सूचना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**हजारीबाग।** जिले में नकाबपोश डकैत जुआरियों पर भारी पड़ रहे हैं। जुआरियों की जुए की लत छुट्ती नहीं और अब इनके पीछे नकाबपोश डकैत हाथ धो कर पड़ गये हैं।

विश्वस्त सूत्रों ने बताया की शहर के अलग -अलग क्षेत्रों में जहां जुआ खेतो व खुले मैदानों में चलता है, वहां ये नकाबपोश डकैत पहुंचते हैं और हथियार के बल पर जुआरियों के सारे पैसे लूट लेते हैं। चूंकि खुद जुवेड़ी गलत कर रहे होते हैं तो वो पुलिस के पास इस बात की शिकायत भी नहीं कर पाते। डकैत इसी बात का फायदा उठा रहे हैं।

**रेकी कर होती है डकैती :** बताया जाता है की जिस जगह जुए का खेल हो रहा होता है, वहां ये डकैत अपने चुनिंदा स्थानीय गुर्गो को अड्डे पर भेजते हैं। ये गुर्गे पहले वहां का माहौल भांपते हैं। वहां पहले पहला दांव लगाते हैं। उसके बाद जब जुआ पूरे शबाब पर होता है तो वे अपने आका को इसकी सूचना दे देते हैं। जिसके बाद डकैत अपने गैंग के साथ पहुंचते हैं और हथियारों के दम पर अपने कारनामें को अंजाम देते हैं। इनकी संख्या 8 से 10 की बताई जा रही है। और तो और जिन जुआरियों के पास पैसे मिलते है उनको ये डकैत मार कुटाई नहीं करते, लेकिन जिनके पास कैश नहीं मिलता उनकी अच्छे से कुटाई की जाती है।

**10 दिनों में चार जगहों पर लूट :** सूत्र बताते हैं की सदर प्रखंड के सिन्दूर में दो बार, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ओरिया व सिंघानी में लूटेरों ने जमकर जुआरियों को लूटा। किसी ने चूं तक नहीं की और ना ही पुलिस को इस सम्बन्ध में शिकायत की है। बताया जा रहा है कि इन चार जगहों से जुआ खेल रहे जुआरियों के साथ मारपीट कर मोबाईल और लगभग 15 लाख रुपए नगद लुटे गए हैं।

**4 बाइक और 8 नकाबपोश :** सूत्रों के अनुसार 4 बाइक में लगभग 8 नकाबपोश हथियार के साथ जुआ अड्डा पहुंचे थे। पहले तो डकैतों ने वहां खड़ी बाईक के सभी प्लग तार काट दिए। उसके बाद जुआ खेल रहे लोगों को घेर लिया और सभी को एक-एक कर लूटा। मामला जुआ से जुड़ा हुआ होने के कारण इस मामले की किसी ने सूचना पुलिस को नही दी है। घटना से जुआरियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### पहले भी आया है ऐसा मामला

**ज्ञात** हो कि जिले में ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है। 21 अप्रैल 2023 को हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डंडई सिवाने नदी पुल के ऐसे ही जुआरियों को लूटने वाले अरविन्द हेम्ब्रम गिरोह के सरगना अरविन्द ने खुद जुए में लूटे गए पैसे की लेनदेन को लेकर अपने ही गिरोह के साथी लक्ष्मण पांडे की गोली मारकर हत्या कर दी थी। साथ ही अपने बेटे महेंद्र हेम्ब्रम को घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब जुआरियों को इस बात की आशंका सता रही है कि इनलोगो के नक़्शे कदम पर कोई अन्य ऐसा ही गिरोह फिर से खड़ा हो गया है जो लूट की घटना को अंजाम दे रहा है। अब मामला भी ऐसा है कि ऐसे मामलों की शिकायत कोई लूटा हुआ जुवेड़ी कर भी नहीं सकता और जब तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं होगी तब तक कार्रवाई होना भी मुश्किल प्रतित होता है।

# चौपारण में 8 किलो अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** चौपारण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार रात पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चतरा की तरफ से एक स्विफ्ट वाहन सं0 डीएल2सी ए के2644 एंव एक आपाची मोटरसाईकिल सं0-बीआर-02बिके 4120 आ रही है जिसमें भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, अफीम एवं नगद राशि लेकर चौपारण होते हुए बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में पु.अ.नि. अरुण कुमार वानी, पु.अ.नि. अजीत कुमार एंव सशस्त्र बल के साथ एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा चतरा मोड़ के पास उक्त वाहन का आने का इंतजार किया गया। कुछ समय बाद उक्त दोनो वाहन आते हुए दिखाई दिया जिसे सशस्त्र बल के द्वारा रुकने का इशारा किया गया परन्तु पुलिस बल को देखकर उक्त वाहन एंव मोटरसाईकिल चालक अपनी गाड़ी को और तेजी से भगाने लगा जिसे संदेह होने पर पुलिस वाहन से खदेड़कर हथिया बाबा मंदिर के पास पकड़ लिया गया। पकड़ाये वाहन का विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में तीन प्लास्टिक में रखा करीब 07 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ एंव आपाची मोटरसाईकिल के डिक्की से 285,000 रु0 (दो लाख पच्चासी हजार रुपये) नगद तथा सीट के अन्दर छुपा कर रखा हुआ प्लास्टिक में 900 ग्राम अफीम बरामद किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर पकड़ाये तीन व्यक्तियों बलराम कुमार पिता सिताराम सिंह, ग्राम हरनाही पोस्ट-भलुआ थाना-बाराचट्टी जिला-गया (बिहार), नरेश कुमार पिता दरिया सिंह ग्राम- लितानी पोस्ट + थाना-उकलाना मंडी जिला हिसार (हरियाणा) एवं गुलसन कुमार पिता-खुशी राम ग्राम बरवला पोस्ट + थाना- बरवला जिला - हिसार (हरियाणा) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। साथ ही इस काण्ड में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्व अनुसंधान किया जा रहा है।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

प्रपत्र VI

समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना जीहु-ईटखोरी पथ में टू लेन पेप्ड सोल्डर चौडीकरण/मजबुतीकरण निर्माण ग्राम-लाटी, थाना-पदमा, थाना-सं0-28, जिला-हजारीबाग में कुल 1.654 एकड़ यानि 0.6696 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पयुक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से केमोवेश कुल 1.654 एकड़ यानि 0.6696 हेक्टेयर है और जो ग्राम-लाटी, थाना-पदमा, थाना-सं0-28, जिला-हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न हैः-

| कम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 43 | 6 | 293 | नीज | टांड-II | 0.010 | मन भुईयॉ पिता दर्शन भुईयॉ | रास्ता | नीज | मनोज ओझा | नीज |
| 44 | 6 | 294 | नीज | टांड-II | 0.026 | मन भुईयॉ पिता दर्शन भुईयॉ | रास्ता | नीज | नीज | सिमाना पदमा |
| 45 | 31 | 935 | नीज | टांड-II | 0.001 | स्वदीप ओझा पिता संतोष ओझा वो मनोज ओझा वगै0 पिता सिधेश्वर ओझा वो मधेश्वर ओझा पिता बानो ओझा वो बब्लु ओझा पिता छटु ओझा वो शिंव कुमार ओझा पिता जलेश्वर ओझा वो प्रभु ओझा वगै0 पिता सुरेश ओझा वो सुदेश ओझा वगै0 पिता जगेश्वर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | राजकुमार ओझा वगै0 | प्लॉट नं0-932 |
| 46 | 14 | 936 | नीज | टांड-II | 0.024 | रामसेवक ओझा वगै0 पिता जागो ओझा वो भैरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0-937 | प्लॉट नं0-932 |
| 47 | 18 | 939 | नीज | टांड-II | 0.036 | राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशु ओझा वो डोमन ओझा पिता जागी ओझा वो मिथलेश वगै0 पिता अमीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | अनन्त ओझा वगै0 | स्वदीप ओझा |
| 48 | 34 | 940 | नीज | टांड-II | 0.007 | अन्नत ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वो भीम ओझा वगै पिता महावीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | बुधेश्वर ओझा | राजकुमार ओझा वगै0 |
| 49 | 11 | 941 | नीज | धान | 0.015 | बुधेश्वर ओझा पिता रूपलाल ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | प्रकाश ओझा वगै0 | अनन्त ओझा |
| 50 | 24 | 942 | नीज | टांड-II | 0.006 | प्रकाश ओझा वो पवन ओझा पिता बिन्दा ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | रामसेवक ओझा वगै0 | बुधेश्वर ओझा |
| 51 | 14 | 943 | नीज | टांड-II | 0.017 | रामसेवक ओझा वगै0 पिता जागो ओझा वो भेरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | प्रकाश ओझा वगै0 | प्रकाश ओझा वगै0 |
| 52 | 21 | 944 | नीज | टांड-II | 0.042 | प्रकाश ओझा वगै0 पिता बिन्दा ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा वो भौरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा वो राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशुं ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0-945 | रामसेवक ओझा वगै0 |
| 53 | 24 | 949 | नीज | टांड-II | 0.009 | प्रकाश ओझा वो पवन ओझा पिता बिन्दा ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 54 | 21 | 950 | नीज | टांड-II | 0.012 | प्रकाश ओझा वगै0 पिता बिन्दा ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा वो भौरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा वो राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशुं ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | बुधेश्वर ओझा | नीज |
| 55 | 34 | 975 | नीज | टांड-II | 0.010 | अन्नत ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वो भीम ओझा वगै पिता महावीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0-976 | प्लॉट नं0-977 |
| 56 | 14 | 978 | नीज | टांड-II | 0.032 | रामसेवक ओझा वगै0 पिता जागो ओझा वो भेरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0-977 | प्लॉट नं0-972 |
| 57 | | 980 | नीज | टांड-II | 0.047 | प्लौट सं0-980 का रैयत। | रास्ता | नीज | रास्ता | नीज |
| 58 | 34 | 981 | नीज | टांड-II | 0.042 | अन्नत ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वो भीम ओझा वगै पिता महावीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | रास्ता | स्वदीप ओझा |
| 59 | 31 | 982 | नीज | टांड-II | 0.027 | स्वदीप ओझा पिता संतोष ओझा वो मनोज ओझा वगै0 पिता सिधेश्वर ओझा वो मधेश्वर ओझा पिता बानो ओझा वो बब्लु ओझा पिता छटु ओझा वो शिंव कुमार ओझा पिता जलेश्वर ओझा वो प्रभु ओझा वगै0 पिता सुरेश ओझा वो सुदेश ओझा वगै0 पिता जगेश्वर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | अनन्त ओझा वगै0 | बुधेश्वर ओझा |
| 60 | 11 | 983 | नीज | टांड-II | 0.026 | बुधेश्वर ओझा पिता रूपलाल ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | स्वदीप ओझा | राजकुमार ओझा वगै0 |
| 61 | 18 | 988 | नीज | टांड-II | 0.009 | राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशु ओझा वो डोमन ओझा पिता जागी ओझा वो मिथलेश वगै0 पिता अमीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | बुधेश्वर ओझा | रामसेवक ओझा वगै0 |
| 62 | 14 | 989 | नीज | टांड-II | 0.006 | रामसेवक ओझा वगै0 पिता जागो ओझा वो भेरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | राजकुमार ओझा वगै0 | प्रकाश ओझा वगै0 |
| 63 | 24 | 990 | नीज | टांड-II | 0.012 | प्रकाश ओझा वो पवन ओझा पिता बिन्दा ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | रामसेवक ओझा वगै0 | प्लॉट नं0-991 |
| 64 | 11 | 992 | नीज | टांड-II | 0.018 | बुधेश्वर ओझा पिता रूपलाल ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0-991 | राजकुमार ओझा वगै0 |
| 65 | 18 | 993 | नीज | टांड-II | 0.009 | राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशु ओझा वो डोमन ओझा पिता जागी ओझा वो मिथलेश वगै0 पिता अमीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | बुधेश्वर ओझा | बुधेश्वर ओझा |
| 66 | 11 | 994 | नीज | टांड-II | 0.009 | बुधेश्वर ओझा पिता रूपलाल ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | रास्ता | नीज | राजकुमार ओझा वगै0 | प्रकाश ओझा वगै0 |
| 67 | 24 | 999 | नीज | टांड-II | 0.004 | प्रकाश ओझा वो पवन ओझा पिता बिन्दा ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | अनन्त ओझा वगै0 | प्लॉट नं0- 996 |
| 68 | 34 | 1000 | नीज | टांड-II | 0.001 | अनन्त ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वे भीम ओझा वगै0 पिता महावीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | तुलसी ओझा वगै0 | प्रकाश ओझा वगै0 |
| 69 | 27 | 1002 | नीज | टांड-II | 0.003 | तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा वो धिरण ओझा वो पिता काली ओझा शंकर ओझा वगै पिता झारखंडी ओझा वो शंक्ति ओझा वगै0 पिता महेश ओझा वो संतोष ओझा वगै0 पिता संतीश ओझा वो अजीत ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वो अभय ओझा पिता कामेश्वर ओझा वो जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | बुधेश्वर ओझा | अनन्त ओझा वगै0 |
| 70 | 11 | 1003 | नीज | टांड-II | 0.002 | बुधेश्वर ओझा पिता रूपलाल ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | प्रकाश ओझा वगै0 | तुलसी ओझा वगै0 |
| 71 | 24 | 1004 | नीज | टांड-II | 0.001 | प्रकाश ओझा वो पवन ओझा पिता बिन्दा ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | नीज | बुधेश्वर ओझा |
| 72 | 21 | 1005 | नीज | टांड-II | 0.001 | प्रकाश ओझा वगै0 पिता बिन्दा ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा वो भौरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा वो राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशुं ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | राजकुमार ओझा वगै0 | नीज |
| 73 | 18 | 1006 | नीज | टांड-II | 0.001 | राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशु ओझा वो डोमन ओझा पिता जागी ओझा वो मिथलेश वगै0 पिता अमीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | रामसेवक ओझा वगै0 | प्रकाश ओझा वगै0 |
| 74 | 14 | 1007 | नीज | टांड-II | 0.002 | रामसेवक ओझा पिता जागो ओझा वो भेरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | अनन्त ओझा वगै0 | राजकुमार ओझा वगै0 |
| 75 | 34 | 1008 | नीज | टांड-II | 0.003 | अन्नत ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वो भीम ओझा वगै पिता महावीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | स्वदीप ओझा | रामसेवक ओझा वगै0 |
| 76 | 31 | 1009 | नीज | टांड-II | 0.003 | स्वदीप ओझा पिता संतोष ओझा वो मनोज ओझा वगै0 पिता सिधेश्वर ओझा वो मधेश्वर ओझा पिता बानो ओझा वो बब्लु ओझा पिता छटु ओझा वो शिव कुमार ओझा पिता जलेश्वर ओझा वो प्रभु ओझा वगै0 पिता सुरेश ओझा वो सुदेश ओझा वगै0 पिता जगेश्वर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | तुलसी ओझा वगै0 | अनन्त ओझा |
| 77 | 27 | 1024 | नीज | धान-II | 0.020 | तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा वो धीरण ओझा वगै0 पिता काली ओझा वो शंकर ओझा वगै0 पिता झारखंडी ओझा वो शंक्ति ओझा वगै0 पिता महेश ओझा वो संतोष ओझा वगै0 पिता सतीश ओझा वो अजीत ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वो अभय ओझा पिता कामेश्वर ओझा वो जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | अनन्त ओझा वगै0 | स्वदीप ओझा |
| 78 | 34 | 1026 | नीज | धान-II | 0.035 | अनन्त ओझा वगै0 पिता अर्जुन ओझा वो भीम ओझा वगै0 पिता महावीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | तुलसी ओझा वगै0 | तुलसी ओझा वगै0 |
| 79 | 27 | 1027 | नीज | टांड-II | 0.022 | तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा वो धीरण ओझा वगै0 पिता काली ओझा वो शंकर ओझा वगै0 पिता झारखंडी ओझा वो शंक्ति ओझा वगै0 पिता महेश ओझा वो संतोष ओझा वगै0 पिता सतीश ओझा वो अजीत ओझा वगै0 पिता अनुज ओझा वो अभय ओझा पिता कामेश्वर ओझा वो जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | स्वदीप ओझा | अनन्त ओझा |
| 80 | 31 | 1028 | नीज | टांड-II | 0.021 | स्वदीप ओझा पिता संतोष ओझा वो मनोज ओझा वगै0 पिता सिधेश्वर ओझा वो मधेश्वर ओझा पिता बानो ओझा वो बबूल ओझा पिता छटु ओझा वो शिंव कुमार ओझा पिता जलेश्वर ओझा वो प्रभु ओझा वगै0 पिता सुरेश ओझा वो सुदेश ओझा वगै0 पिता जगेश्वर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | बुधेश्वर ओझा | तुलसी ओझा वगै0 |
| 81 | 11 | 1031 | नीज | टांड-II | 0.015 | बुधेश्वर ओझा पिता रूपलाल ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0-1032 | स्वदीप ओझा |
| 82 | 27 | 1037 | नीज | टांड-II | 0.009 | तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा वो धीरण ओझा वगै0 पिता काली ओझा वो शंकर ओझा वगै0 पिता झारखंडी ओझा वो शंक्ति ओझा वगै0 पिता महेश ओझा वो संतोष ओझा वगै0 पिता सतीश ओझा वो अजीत ओझा वगै0 पिता अनुज ओझा वो अभय ओझा पिता कामेश्वर ओझा वो जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | स्वदीप ओझा | प्लॉट नं0-1036 |
| 83 | 18 | 1038 | नीज | टांड-II | 0.037 | राजकुमार ओझा वगै0 पिता विशु ओझा वो डोमन ओझा पिता जागी ओझा वो मिथलेश वगै0 पिता अमीर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | प्रकाश ओझा वगै0 | तुलसी ओझा वगै0 |
| 84 | 24 | 1039 | नीज | टांड-II | 0.001 | प्रकाश ओझा वो पवन ओझा पिता बिन्दा ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | रामसेवक ओझा वगै0 | राजकुमार ओझा वगै0 |
| 85 | 14 | 1041 | नीज | टांड-II | 0.016 | रामसेवक ओझा पिता जागो ओझा वो भेरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | बुधेश्वर ओझा | रास्ता |
| 86 | 11 | 1042 | नीज | टांड-II | 0.002 | बुधेश्वर ओझा पिता रूपलाल ओझा वो प्रदीप ओझा वगै0 पिता केदार ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | सीमाना कण्डादाग | रामसेवक ओझा वगै0 |
| 87 | 31 | 1047 | नीज | टांड-II | 0.002 | स्वदीप ओझा पिता संतोष ओझा वो मनोज ओझा वगै0 पिता सिधेश्वर ओझा वो मधेश्वर ओझा पिता बानो ओझा वो बब्लु ओझा पिता छटु ओझा वो शिंव कुमार ओझा पिता जलेश्वर ओझा वो प्रभु ओझा वगै0 पिता सुरेश ओझा वो सुदेश ओझा वगै0 पिता जगेश्वर ओझा जाति ब्रहम्ण निवासी लाटी | नीज | रास्ता | नीज | तुलसी ओझा वगै0 |
| | | कुल अर्जन रैयती रकवा | | | 1.654 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा-11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-

उपायुक्त,हजारीबाग

PR 309977 Land Reforms(23-24).D

